जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः परीक्षा-2/गोप0/2026/ 120 दिनांकः 21.11.2026

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र,
ग्वालियर (म.प्र.)

अत्यावश्यक

विषय :- निर्धारित तिथि में परीक्षा आवेदन फार्म भरवाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर समस्त परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन फार्म भरने हेतु अधिसूचना भी जारी की जाती है।

महाविद्यालय का यह दायित्व है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में अंकित दिनांकों में ही समस्त छात्रों के परीक्षा आवेदन फार्म भरवाना सुनिश्चित करें। कार्यपरिषद् के निर्णयानुसार परीक्षा दिनांक के तीन दिवस पूर्व तक ही परीक्षा आवेदन फार्म विलम्ब शुल्क के साथ भरवाये जा सकते हैं। किन्तु महाविद्यालयों के द्वारा परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथि निकल जाने के उपरांत छात्रों को विश्वविद्यालय में फार्म भरवाये जाने के लिये भेजा जाता है जिससे अनावश्यक रूप से छात्र/छात्रायें परेशान होते हैं। समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को अवगत कराया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा फार्म भरवाये जाने के लिये समय-समय पर जारी अधिसूचनाओं को कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करावें। यदि निर्धारित समयावधि में परीक्षा आवेदन फार्म भरने से छात्र/छात्रायें वंचित होते है और छात्रों का पाठ्यक्रम प्रभावित होता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. माननीय कुलगुरू महोदय के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा0कुलसचिव(परीक्षा)